सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-404**
07/09/2017

गुजरात सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया पॉच करोड़ रूपये का अंशदान

पटना 07 सितम्बर, 2017 :– आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में गुजरात सरकार के राजस्व, शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह चुडासामा ने गुजरात सरकार की तरफ से बाढ़ पीड़ितो के सहायतार्थ मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये पॉच करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये गुजरात सरकार को धन्यवाद दिया तथा गुजरात सरकार के इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी भी उपस्थित थे।

******